प्रेस–विज्ञप्ति **दिनांक 18.01.2018**

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

कोहका माईनर केनाल रोड का आज भूमिपूजन होते ही निर्माण कार्य शुरु

भिलाईनगर/ भिलाई नगर के निवासियों की बहुत दिनों से मांग थी कि जीई रोड के उपर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए एक समानांतर पहुंच रोड हो उसी को पुरा करने के लिए कोहका माईनर मेन केनाल से नंदनी रोड तक सड़क निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य फेस–01 का भूमिपूजन छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी. श्यामसुन्दर राव, पार्षदगण, एल्डरमेन, सम्मानित नागरिकों एवं आयुक्त के0एल0 चौहान की उपस्थिति में की गई। जिसके निर्माण में लागत राशि 2886.84 लाख रुपये अनुमानित है।

भूमिपूजन के दौरान मंत्री पाण्डेय ने कहा कि अमेरिका अगर विकसित राष्ट्र है तो इसके प्रमुख वजह वहॉ अच्छी सड़कों के साथ बेहतर पहुंच मार्ग का होना। केनाल पर सड़क की मांग बहुत दिनों से थी आज से निर्माण कार्य शुरु हो गया जो निर्धारित अवधि में पूर्ण हो जायेगा। सड़क निर्माण के दौरान नहर के किनारे के जो मकान प्रभावित हो रहे है उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् प्राथमिकता के साथ भवन प्रदान किया जायेगा। लगभग 140 मकान प्रभावित है जिसमें से 70 लोग राशि जमा कर चुके है बाकि भी समय पर कर देवें प्राथमिकता के आधार पर सभी को मकान मिल जायेगा। रायपुर में भी सड़क चौड़ीकरण के दौरान बड़े–बड़े मकान, दुकान तोड़ना पड़ा यहां तक की हमारे सभी मंत्रियों के बंगले भी टुट गये। बड़े कार्य के लिए छोटी क्षति सहना पड़ता है।

महापौर देवेन्द्र यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र राजनीति के दौरान रायपुर जब जाता था तो वहां नहर पर सड़क निर्माण देखकर इच्छा होती थी कि भिलाई में भी बनें आज साकार हो रहा है। हमसब पुरा प्रयास करेंगे कि सभी को प्राथमिकता के साथ आवास मिलें। रोड नाली व्यवस्थित हो सबके लिए सुगम यातायात सुविधा मिलें। आयुक्त के0एल0 चौहान ने अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, एवं जोन आयुक्त संजय शर्मा को निर्देशित किये कि बाकी प्रभावित हितग्राहियों को एक नोटिस दें कि सात दिवस के भीतर पैसा जमा कर दें जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् मकान दिया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी लोक कर्म विभाग नीरज पाल, पार्षद जोगेन्दर शर्मा, ललिता शंकर चौधरी, सुलेखा यादव, नंदकुमारी वर्मा, कृष्णावेणी काली प्रसाद, अनिल सिंह, संदीप हिरवानी, शिवप्रकाश शिबू, जे. श्रीनिवास राव, रिंकू राजेश प्रसाद, एल्डरमेन, विधायक प्रतिनिधि संजय दानी, चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्य गार्गी शंकर मिश्रा, उपअभियंता बसंत साहू, एसआई महेश मिश्रा, शेषगिरी, वेंकटराव आदि उपस्थित रहे।

जनसंपर्क विभाग

भूमि पूजन
नगर पालिक निगम, भिलाई
शिवाजी नगर, जोन - 4